हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 11 मई 2024


तापमान

अधिकतम 39 .0 डिग्री

न्यूनतम 27 .0 डिग्री


10 आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए : डा. मंजुला





10 सिंगवाल में आठवां अहेरी आरक्षण दिवस मनाया




## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा सहित एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने बस अड्डा जुलाना के निकट एक युवक को अवैध असलहा व जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव करसोला निवासी सुमित उर्फ सोनू के रूप में हुई। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि टीम नया बस अड्डा जुलाना के पास मौजूद थी।

### ट्रक चालक ने युवक को रौंदा

**कैथल।** कैथल में शुक्रवार को चीका कैथल रोड पर एक युवक को ट्रक ने कुचल दिया। डेरा ज्वाला सिंह रामथली के साहब सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वह मोटरसाइकिल पर अपने चाचा के लड़के सुरेंद्र सिंहके साथ किसी रिश्तेदारी में करनाल जा रहे थे। दूसरी बाइक पर उनके साथ उनका भाई राजविंदर भी मोटरसाइकिल पर करनाल जा रहा था।

### 75 हजार निकालने का आरोपित दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने लगभग दस दिन पहले दिन पहले जागरण के दौरान जेब से 75 हजार निकालने की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पंजाबी चौक निवासी ललित ने गत 28 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके वहां जागरण था।

### सांड ने बाइक चालक को मारी टक्कर, ट्रक चालक ने कुचला

**कैथल।** विश्वकर्मा चौक पर हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौप दिया। सूचना मिलते ही थाना शहर के एएसआई कुलदीप मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान खुराना रोड कैथल के जगदीश के रूप में हुई है। ऐसा बताया जा रहा है कि एक सांड ने उसे बाइक सहित उठाकर ट्रक के सामने फेंक दिया।

### ढाठरथ में खेत से सामान चोरी, शिकायत दर्ज

**सफीदों।** उपमंडल के गांव ढाठरथ स्थित खेत से सामान चोरी का केस सामने आया है। पिल्लूखेड़ा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाठरथ निवासी आशिष ने कहा कि खेत ढाढरथ से खुगां रोड पर वाटर सप्लाई की टंकी के पास है। 9 मई की शाम को खेत में जाकर देखा तो ईन्वटर, बैटरी व स्प्रे की टंकी व लोहे का सामान चोरी हुआ मिला।

### खेत से स्टार्टर और तार चोरी का आरोपी पकड़ा

**कैथल।** खेत से स्टार्टर व तार चोरी मामले की जांच थाना राजौंद पुलिस के एचसी राजबीर सिंह की टीम ने करते आरोपी जींद के गांव छात्तर निवासी उत्तम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रोहेड़ा निवासी मनोज की शिकायत अनुसार सबमर्सीबल बोर का स्टार्टर व करीब 300 फुट तार 17 दिसंबर की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई।

### मारपीट करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जींद।** रोहतक रोड पर युवक के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहतक रोड निवासी विजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव कापडो निवासी मनजीत से कहासुनी हो गई थी।

### जुआ खेल रहे 10 आरोपी पकड़े, नकदी बरामद

**कैथल।** चौकी हरनोली पुलिस द्वारा कम्हेड़ी मोड़ से जुआ खेल रहे 10 आरोपियों को काबू कर लिया। कब्जे से 391430 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार की टीम को रात्रीकालीन गश्त के दौरान मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की थी।

# अक्षय तृतीया पर्व पर जींद में 100 से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधे

## बाल विवाह रोकने के लिए टीमें देती रही दस्तक, फोटोग्राफर, ब्यूटी पार्लर, हलवाई को नहीं थी सांस लेने की भी फुर्सत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का खास महत्व माना गया है। अक्षय तृतीया का त्योहार वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है और इस दिन सोना, चांदी, कार, बाइक, इलेक्ट्रानिक उत्पाद और कपड़े की खरीददारी को शुभ माना जाता है। इसके अलावा अक्षय तृतीय अबुझ मुर्हुत होता है। जिसके चलते इस दिन होने वाले विवाह को बेहद शुभ माना जाता है। ऐसे में शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर्व पर जिलाभर में 100 से अधिक जोड़े विवाह बंधन में बंधे। वहीं बाजार में



**जींद।** बत्तख चौंक पर विवाह समारोह के लिए सजाई गई बुग्गी। *फोटो :हरिभूमि*

दुकानदार भी काफी उत्साहित थे। बाजार में स्वर्ण व चांदी के आभूषणों की जमकर खरीददारी हुई। अक्षय तृतीया पर्व पर जिलाभर में विवाह समारोहों की धूम रही। मान्यता है कि अक्षय तृतीय एक अबुझ मुहुर्त होता है और ये दिन विवाह के लिए उत्तम माना गया है। ऐसे में लोगों ने विवाहों को लेकर बाजारों में कई दिन पहले ही खरीददारी शुरू कर दी थी। अक्षय तृतीय पर्व पर विवाह समारोहों की भी धूम रही। शादियों को लेकर शहर के बैंक्वट हाल, होटल और धर्मशालाएं बुक रही और इनमें बुकिंग भी डे एंड नाइट की रही। जिन लोगों को जगह उपलब्ध नहीं हुई उन्होंने गलियों या पाकार्ं में ही टैंट लगा कर शादी की। विवाह समारोहों को लेकर फोटोग्राफर, टैक्सी चालकों, हलवाई सहित तमाम विवाह से जुड़े कारोबारियों को सांस लेने की फुर्सत नहीं थी। अक्षय तृतीया की आड में बाल विवाह न हों, इसे लेकर जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम जगह-जगह दस्तक देती रही। सहायक बाल विवाह निषेध अधिकारी रवि लोहान ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई थी जो हर सूचना पर कार्रवाई कर रही थी। बाल विवाह रोकने के लिए जिले के सामुदायिक केंद्र, वेंकेट हॉल, मैरिज पेलेस, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को पहले ही आगाह कर दिया गया था। विवाह में लड़का-लड़की के जन्म से संबंधित कागजात भी अपने पास रखने के लिए कहा गया था। अक्षय तृतीय पर्व पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंदिर के पुजारी, गांव के पंच, सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर्स और नंबरदार तथा शहर के नगर पार्षदों की मदद ली गई।

### सोने में निवेश करना सौभाग्य

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि लोगों का मानना है कि इस दिन सोने में निवेश करना हमेशा के लिए सौभाग्य और कभी न घटने वाली संपति का वादा करता है। मान्यता है कि इस दिन स्वर्ण खरीदना विशेष रूप से समृद्धिदायी होता है। वहीं श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। अक्षय तृतीया के दिन माता लक्ष्मी, भगवान गणेश और धनपति कुबेर की पूजा करते हैं।

## दो साल पहले बना था बस अड्डा, यात्रियों को पानी पिला रही सामाजिक संस्थाएं

# 32 करोड़ का बस स्टैंड, यात्रियों की प्यास बुझाने के लिए फूटी कौड़ी नहीं

## गर्मियां शुरू होते ही बस अड्डा पर शुद्ध पेयजल के लिए तरसने लगे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पांडू पिंडारा में बनाए गए नया बस अड्डा पर गर्मी का सीजन शुरू होने के साथ ही यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं। नए बस स्टैंड पर पीने के पानी का टीडीएस बहुत ज्यादा है। जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए यात्री वाटर कूलर का पानी पीने से परहेज कर रहे हैं। इसलिए समाजसेवी लोगों द्वारा लगाए गए वाटर टैंक के सहारे ही यहां पानी पी पा रहे हैं। यहां के खराब पानी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत पर रखी टंकियों का रंग भी पीला पड़ गया है। ऐसे में जींद के लोगों की फिर से मांग उठने लगी है कि बस अड्डा को पुराने बस अड्डे पर ही शिफ्ट किया जाए। गौरतलब है कि मार्च 2022 में पांडू पिंडारा का नया बस स्टैंड शुरू हुआ था। जिस पर 32 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई थी। बस स्टैंड पर यात्रियों को पीने का शुद्ध पेयजल मिले, इसके लिए बस स्टैंड की छत पर 500 लीटर की कैपेसिटी वाला बड़ा आरओ प्लांट लगाया गया है। भूतल पर दो वाटर कूलर, प्रथम तल पर



**जींद।** समाजसेवी द्वारा रखे गए पानी के टैंकर से पानी पीते यात्री। *फोटो :हरिभूमि*





**जींद।** बस अड्डा परिसर में बंद पड़ी कैंटीन। *फोटो :हरिभूमि*

### समस्या के हल के लिए प्रयासरत

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए कर्मचारी लगातार प्रयासरत हैं। बस स्टैंड परिसर में पीने के पानी की समस्या का स्थाई समाधान करने की कोशिश लगातार जारी है। अभी बस स्टैंड परिसर में वाटर टैंक समाज सेवी संस्थाओं द्वारा रखे गए हैं।

वाटर कूलर लगा है लेकिन पानी खराब होने से लोग वाटर कूलर वाला पानी नहीं पी रहे हैं। समाजसेवी द्वारा रखे गए टैंक से ही पीते हैं। यहां तक कि कर्मचारियों के लिए भी पानी के कैंपर मंगाए जाते हैं। जींद डिपो में इस समय 200 बस हैं, जिसमें हर रोज 16 हजार से अधिक यात्री सद्बक्तर करते हैं। जिससे रोडवेज को हर रोज 12 लाख रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होता है लेकिन अब तक बस स्टैंड पर पीने के पानी की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### कैंटीन भी है बंद

नए बस अड्डे के प्रथम तल पर महाप्रबंधक कार्यालय, चालक व परिचालकों के लिए डोर मैटरी जैसी सुविधाएं हैं तो भूतल पर एक पुलिस पोस्ट, रेस्टोरेंट, एक क्लाक रूम, 15 दुकानें, महिला प्रतिक्षा कक्ष, दो एटीएम बूथ बनाए गए हैं। बसों के 18 बूथ बनाए गए हैं। बसों को खड़ा करने के लिए सात एकड़ जमीन खाली छोड़ी गई है। पांच एकड़ में वर्कशॉप का निर्माण किया गया है लेकिन पिछले लगभग छह महीने से कैंटीन व अन्य दुकानें भी खाली पड़ी हुई हैं। इस समय भू तल पर एक जूस कॉर्नर की दुकान, एक दुकान में एटीएम व एक दुकान में बेबी फीड सेंटर है। जबकि दो दुकानों में ड्यूटी सेक्शन कार्यालय को शिफ्ट किया गया हैए जो पहले वर्कशॉप परिसर में प्रथम तल पर था।





**गुहला चीका।** नई अनाज मंडी,चीका में स्कूल की बसों की जांच करते विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

# चीका में स्कूल बसों की फिटनेस की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

महेंद्रगढ़ जिले में स्कूली बस हादसे के बाद जिले में आरटीए सतर्क है। शुक्रवार को परशुराम जयंती की छुट्टी होने के बावजूद शुक्रवार को आरटीए के अधिकारियों ने स्कूलों बसों की फिटनेस जांच कर इनकी पासिंग की। इस काम के लिए विभाग की ओर से एक दिन का शेड्यूल जारी किया गया है। हालांकि पासिंग के दिन नई अनाज मंडी चीका में निजी स्कूलों की लगभग 100 बसें आरटीए विभाग के पास पहुंची, लेकिन नियमों और शर्तों पर खरा उतरते हुए लगभग सभी बसें ही जांच के दौरान पास हुई। कुछ बस में खामियां मिलने पर अधिकारियों ने इसे सभी औपचारिकताएं पूरी कर दोबारा जांच के लिए कहा। अधिकारियों ने कहा कि जो बसें पासिंग के दौरान नियमों पर खरा नहीं उतरेंगी, उन्हें रोड़ पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बीते दिनों आरटीए विभाग की ओर से निजी स्कूलों बसों पर की गई कार्रवाई का प्रभाव पासिंग के लिए आई बसों पर देखने को मिला। चालान और बसों के जब्त होने के डर से चालक व सहायक अधिकतर सुविधाओं को पूरी करने के बाद ही विभाग के पास बसों की पासिंग करवाने के लिए पहुंचे। जिन बसों में सुविधाएं पूरी मिली, उन्हें सड़कों पर चलने की अनुमति मिल गई और खामी मिलने पर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए।

### बसों में सुविधाएं जरूरी

सभी स्कूलों की बसों की जांच की जा रही है। जब तक बसों में सुविधाएं पूरी नहीं होंगी और नियमों के अनुसार सही नहीं मिलेंगी, तब तक उन्हें सड़कों पर नहीं चलने दिया जाएगा। बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत विभाग यह कार्य कर रहा है जिन बसों में कोई कमी पाई गई है उन बसों को आरटीओ ऑफिस से नोटिस निकाल कर पूरा करने के आदेश दिए जाएंगे।

*नरेश शर्मा, रोडवेज कर्मचारी।*

### नौकरी लगवाने का झांसा देकर सात लाख रुपये ठगे

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने बेटी का रिश्ता कर दामाद को नौकरी लगवाने के नाम पर 7 लख 9 हजार की ठगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को नमजद किया है। फ्रैंड्स कॉलोनी कैथल के महावीर ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि विराट नगर पानीपत निवासी विकास, उसकी पत्नी कविता, उसका लडका अमन व विकास का मामा के साथ उसके दोस्त अमरजीत मान की जान पहचान थी। आरोपियों ने अमरजीत को बताया कि उन्हें लडकी की शादी करनी है, अगर कोई अच्छा लडका हो तो हमें बताओ। अमरजीत मान ने शिकायतकर्ता के बेटे अंकित के बारे में बता दिया। अमरजीत मान को आरोपियों के चाल के बारे में कुछ भी पता नहीं था। उसने अमरजीत के कहने पर आरोपियों को उसका बेटा दिखा दिया। आरोपियों ने भी लडकी उसके परिवार के सदस्यों को दिखा दी। छह फरवरी 2024 को लडकी की मांग भराई करवा दी। उसके बाद आरोपियों का फोन आया कि वे उसके बेटे को सरकारी नौकरी पर लगवा देंगे।

## सब इंस्पेक्टर लगवाने का झांसा देकर 17.67 लाख हड़पने का आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपी को कोर्ट के आदेश पर चार दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस मे सब इंस्पेक्टर लगवाने को झांसा देकर 17.67 लाख रुपये हडपने के आरोपित के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत से चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव हाडवा निवासी सतबीर ने गत सात नवंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका संर्पक वर्ष 2022 में गाव टैटाना निवासी रविंद्र से हुआ। जिसने बताया कि उसकी बडे.लोगों से अच्छी जान पहचान है। जिसके झांसे में आकर उसके बेटे ने पुलिस मे सब इन्स्पेक्टर लगवाने की बात कही। जिसकी एवज में रविद्र ने 35 लाख रुपये की डिमांड की गई। 30 दिसंबर 2022 तक उसके बेटे ने रविंद्र को 4.65 लाख की नगदी तथा 13 लाख रूपये का चैक दिया। बावजूद इसके उसके बेटे का नौकरी नही मिली। जब उसने राशि वापस मांगी तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने सतबीर की शिकायत पर रविंद्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविंद्र को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में बुजुर्ग की जान गई

**कैथल।** असंध के गांव मूंड निवासी राजबीर ने बताया कि शुक्रवार को उसके पिता प्यारा राम किसी काम से अपनी बाइक पर कैथल आए हुए थे। काम खत्म कर वापस अपने घर की ओर जा रहे थे। वह अपनी कार लिए जींद बाईपास पर उनका इंतजार कर रहा था। उसके पिता प्यारा राम के आने के बाद वह दोनों अपने-अपने वाहनों पर अपने घर चल दिए। गांव देवबन के पास नहर पुल से थोड़ा आगे दूसरी ओर से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही से उसके पिता की बाइक को टक्कर मार दी। वह अपनी कार रोक कर पिता के पास गया तब तक बाइक चालक वहां से फरार हो गया था। एंबुलेंस कर पिता को सरकारी अस्पताल में लाया। जहां रोहतक रेफर कर दिया। वह पिता को इलाज के लिए करनाल ले जा रहा था। उनकी तबीयत बिगड़ने पर वह असंध के सरकारी अस्पताल में ले गया उसे मृतक घोषित कर दिया।

## आरोपित से 5 बाइक, एक स्कूटी बरामद

- बाइक चोरी के 2 मामलों में कबाड़ी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला पुलिस ने 2 मामलों में एक कबाड़ी सहित 2 आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नंद करण माजरा निवासी संजीव की शिकायत अनुसार 16 अगस्त 2023 को कैथल कोर्ट के पास से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था।

जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी सुभाष की टीम द्वारा करते हुए



**कैथल।** सीआईए 1 पुलिस गिरफ्त में वाहन चोर। *फोटो :हरिभूमि*

आरोपी गांव मांझला निवासी सुनील कुमार उर्फ सीनु को काबू कर लिया गया। व्यापक पूछताछ दौरान आरोपी के कब्जे से उक्त मामले की बाइक सहित 5 चोरीशुदा बाइक तथा एक चोरी कि स्कूटी बरामद की गई। उक्त वाहन आरोपी द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी किए गए है, जिन बारे जाँच की जा रही है। आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत भेजदिया गया।

## इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में गूंजे ममता के तार

# मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को किया भाव विभोर

- बच्चों को स्नेह और प्यार के साथ अनुशासन में भी रहना सिखाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मां वह शब्द है, जिसमें दुनिया का सारा प्यार समाहित है। इस ममता को सम्मान देने के लिए इंडस पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) में हर्षोल्लास भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा और उप प्राचार्य प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की









**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। इस कार्यक्रम में मां के प्रति सम्मान व कृतज्ञता को व्यक्त करने के लिए कई दिलचस्प गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मां के प्रति लगाव को दिखाते हुए मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। रंग बिरंगी व सुंदर-सुंदर वेशभूषा पहने मदर को अपनी प्रतिभा दिखाने का भी मौका मिला। बेस्ट कॉस्ट्यूम, रैम्प वॉक और डांस के लिए मदर को पुरस्कृत भी किया गया। हम सब की मां धरती मां को प्रदूषण से बचाने के लिए बच्चों ने दिल छू लेने वाली प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति के माध्यम से इस धरती को हरा-भरा बनाए रखने की अपील की। प्राचार्या अरुणा शर्मा ने अभिभावकों से आग्रह किया कि मां ही बच्चों की पहली मार्गदर्शक होती है। इसलिए उनका कर्तव्य है कि वे बच्चों को स्नेह और प्यार के साथ अनुशासन में भी रहना सिखाएं ताकि वे संस्कारी बन सके और हमें अपनी व्यस्त दिनचर्या में से अपने बच्चों के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने सभी को मदर्स-डे की बधाई दी और सबको उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद करते हुए भविष्य में इसी प्रकार का सहयोग देने का आग्रह किया।

# जींद : अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव निर्जन के निकट रात को सड़क पार कर रहे युवक को तेजरफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें युवक की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निर्जन निवासी अरूण (21) बीती रात बाड़े में भेड़ तथा बकरी संभालने सफीदों रोड पार जा रहा था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। काफी देर तक अरूण के घर न पहुंचने पर परिजन जब बाडे.पर जा रहे थे तो अरूण गंभीर हालात में सड़क पर मिला। जिसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीनने का आरोपित दबोचा

जींद। पुलिस ने मोबाइल छीनने की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान शिवपुरी कालोनी निवासी तुषार के रूप में हुई है।

हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी सुशील ने गत एक अप्रैल सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सफीदों गेट अपने घर वापस स्कूटी पर आ रहा था।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता

जींद। गांव दनौदा से युवती के गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव दनौदा कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत पांच मई को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### इंस्टा दोस्त को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

जींद। नरवाना की युवती की इंस्टा पर जींद के युवक से पहले दोस्ती हुई। फिर उसी इंस्टा दोस्त ने युवती को प्यार मे फांस शादी का झांसा दिया। जिसके बाद युवती को जींद बुला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपित कि खिलाफ अपहरण करने, दुष्कर्म करने तथा बंधक बनाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सतपाल पातलान जिला प्रधान मनोनित

जींद। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ का चुनाव हुआ। जिसमें सतपाल पातलान प्रवक्ता राजनीतिक विज्ञान को जिला प्रधान, राजेश राठी प्रवक्ता जीव-विज्ञान को जिला सचिव, रमेश महेशवाल को कोषाध्यक्ष, रणधीर रंगा वरिष्ठ उप प्रधान, सुभाष ग्रोवर उप प्रधान, सुरेश भौसले आडिटर, संतोष अर्ध सलाहकार, जोगेंद्र इंदोरा कार्यालय सचिव सर्व सम्मति से चुने गए है।

### पत्नी की 13वीं पर किया पौधरोपण

जींद। गांव शामलो कलां निवासी जोगेंदर सैनी ने अपनी पत्नी स्व. सुधा सैनी की तेहरवीं पर त्रिवेणी लगा कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर पुत्र जतिन और पुत्री नव्या ने बताया कि अगर सभी लोग अपने जन्मदिन और किसी विशेष दिन पर पौधारोपण करें तो पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सकता है।

### केजरीवाल को जमानत मिलने पर मनाई खुशी

जुलाना । जुलाना कस्बे के गठबंधन कार्यालय में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने की खुशी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्त्रम में कार्यकर्ताओं ने लड्डु बांटकर खुशी मनाई। आप नेता विरेंद्र आर्य ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने से गठबंधन को काफी फायदा होगा।

### दवा लेने गई युवती से की अश्लील हरकत

जींद। रोहतक से पिता की दवाई लेकर लौट रही युवती के साथ रेलवे स्टेशन के बाहर मोहल्ले के ही युवक द्वारा अश
का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की कियत पर आरोपित के खिलाफ अश
हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### कई स्थानों पर टूटे ताले, हजारों की चोरी

जींद। जिले में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल समेत तीन स्थानों पर ताले तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्कूल के नगूरां के प्राचार्य बिजेंद्र ने बताया कि चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर तीन इन्वर्टर तथा पांच बैटरियों को चोरी कर लिया।

## ऑब्जर्वर ने लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ जिले में की तैयारियों की समीक्षा

# आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए : डॉ. मंजुला

**जींद में कुल 1032 मतदान केंद्रों पर 1016282 मतदाता अपने मत का करेंगे प्रयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोनीपत लोकसभा की जरनल ऑब्जर्वर डा. मंजुला ने निर्देश दिए कि आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए शांतिपूर्ण, सद्भाव व भाईचारे की भावना के साथ चुनाव प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाएं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरनल ऑब्जर्वर डा. मंजुला एन ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त एवं सभी एआरओ एवं नोडल अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को बैठक ली और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ जरनल ऑब्जर्वर हिसार गोपाल चंद, सिरसा लोकसभा के जरनल ऑब्जर्वर देव कृष्ण तिवारी, पुलिस आब्जर्वर विशाल कुमार, व्यय ऑब्जर्वर विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार उपस्थित रहे और उन्होंने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्ष बैठक के दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर जिला में की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला में आदर्श आचार संहिता की कड़ाई से पालना की जाए और निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों को पूर्ण रूप से लागू करवाया जाए। यदि आचार संहिता के उंल्लघन की कोई भी शिकायत आती है तो उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न करवाना जिला अधिकारियों का कर्तव्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव खर्च का पूरा ब्यौरा रखा जाए, सभी नाकों पर सीसीटीवी व वीडियोग्राफी का प्रबंध किया जाए। लोकसभा प्रत्याशियों के लिए चुनाव आयोग द्वारा 95 लाख रुपये की सीमा निर्धारित की गई है। मतदान केंद्रों में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश करने दिया जाए, अनाधिकृत व्यक्ति मतदान केंद्र के अन्दर प्रवेश न करने पाएं। मतदान के दिन पोलिंग बूथ से निर्धारित दूरी तक किसी भी पार्टी या उसके सदस्यों को अपना बूथ लगाने की सख्त मनाही है। इसके अलावा 85 वर्ष की आयु से अधिक एवं 40 प्रतिशत से अधिक के दिव्यांग मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। आब्जर्वर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाईसेंसशुद हथियारों को थानों, गन हाउस में अतिशीघ्र जमा करवाना सुनिश्चित करें।



जींद। डीसी से लोस चुनाव को लेकर जानकारी लेते हुए सोनीपत लोकसभा की जरनल ऑब्जर्वर डा. मंजुला। फोटो :हरिभूमि




जींद। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सोनीपत लोकसभा की जरनल ऑब्जर्वर डा. मंजुला। फोटो :हरिभूमि

### 1032 मतदान केंद्रों पर 1016282 मतदाता मत का करेंगे प्रयोग

जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने ऑब्जर्वर को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को लेकर समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ली है। जींद जिला में कुल 1032 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिनपर कुल 1016282 मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करेंगे। जिनमें पुरूष मतदाता 542821 एवं महिला मतदाता 473449 है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ऑब्जर्वर को बताया कि जिला में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने व निगरानी के लिए एफएसटी की 15 और एसएसटी की 36 टीम बनाई गई हैं। जिला में संदिग्ध वाहनों की तलाशी लेने के लिए पंजाब बार्डर से लगती सीमा व अन्य जरूरी जगहों पर कुल 18 नाके लगाए गए हैं। नाकों पर एसएसटी टीमों द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ वाहनों की गहनता से छानबीन की जा रही है। जिला में अवैध रूप से शराब बिक्री को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रत्याशियों की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों द्वारा ली जाने वाली विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल लॉच किया हुआ है।

### प्रिंटिंग प्रेस संचालक का पता व मोबाइल नंबर अंकित होना जरूरी

पर्यवेक्षक ने सभी एआरओ और नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में कहीं भी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंधना नहीं होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री जैसे पोस्टर, पंप्लेट, होर्डिंग्ज आदि पर प्रिंटिंग प्रैस संचालक का नाम, मोबाईल नम्बरए सामग्री की संख्या का अंकित होना जरूरी है।

### मतगणना केंद्रो का किया दौरा

समीक्षा बैठक के बाद पर्यवेक्षक ने जिला में बनाए गए जाकर स्ट्रॉग रूम का भी निरीक्षण किया और मतगणना की तैयारियों के बारे में संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त की। उन्होंने इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा व अन्य चुनाव प्रबंधों के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। पर्यवेक्षक ने कहा कि मतगणना केंद्रों की हरेक गतिविधियों को कैमरों में रिकार्ड किया जाना चाहिए और यहां केवल प्राधिकृत अधिकारियों एव कर्मचारियों का ही प्रवेश हो। समीक्षा बैठक में एडीसी एवं स्वीप के नोडल अधिकरी डा. हरीश वशिष्ठ, जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

### चुनाव ड्यूटी से बचने के लिए अपनाए जा रहे हथकंडे बर्दाश्त नही

जींद। आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव है। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी से बचने के लिए कर्मचारी तरह-तरह के हथकंडे भी अपना रहे हैं। कोई मेडिकल की दौड़ लगा रहा है तो कोई डीसी कार्यालय में सिफारिश लगा रहा है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के एक अध्यापक को तो महिला ही बन गया और हद तो तब हो गई जब उसने अपने आपको गर्भवति करार दे दिया। ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने स्पष्ट किया है कि जब आप चुनाव ड्यूटी नहीं कर सकते हैं तो फिर नौकरी कैसे कर रहे हैं। चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए काफी कर्मचारी नागरिक अस्पताल में मेडिकल करवाने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा कुछ सीधे जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में पहुंच रहे हैं। चुनाव ड्यूटी को लेकर चुनाव आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी पूरी तरह से सख्त हैं। चुनाव से ड्यूटी कटवाने का एक सीधा माध्यम मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र है। यदि किसी कर्मचारी को गंभीर बीमारी है और वह पूरा दिन काम नहीं कर सकता है। ऐसे में मेडिकल बोर्ड उसकी जांच के बाद प्रमाण पत्र जारी करता है। उस प्रमाण पत्र में उस कर्मचारी किस कारण ड्यूटी नहीं कर सकता, इसका पूरा विवरण लिखा होता है। इसके अलावा और कोई अन्य माध्यम नहीं है। जिससे चुनाव ड्यूटी कटवाई जा सके। वहीं कुछ इमरजेंसी मामले में खुद जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से भी चुनावी ड्यूटी से छुटकारा पाया जा सकता है। सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल ने कहा कि चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए काफी सिफारिश भी आती हैं लेकिन मेडिकल प्रमाण पत्र में कोई सिफारिश काम नहीं करती। केवल गाइडलाइन के अनुसार ही काम होता है। मेडिकल बोर्ड में तैनात चिकित्सकों को भी सख्त हिदायतें हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जो कर्मचारी किन्हीं विशेष कारणों या बीमारी के कारण चुनाव ड्यूटी नहीं कर सकता, उसकी बात जायज है लेकिन फिट होने के बावजूद भी कर्मचारी चुनावी ड्यूटी से बचना चाहते हैं।



मोहम्मद इमरान रजा

# चुनाव प्रक्रिया पूर्ण रूप से निष्पक्ष

- ऑब्जर्वर देव कृष्णा ने नरवाना में मतदान केंद्रों को किया निरिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सिरसा लोकसभा क्षेत्र आरक्षित के जनरल ऑब्जर्वर देव कृष्ण तिवारी आईएएस ने संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र नरवाना आरक्षित में बनाए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और तमाम आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनरल ऑब्जर्वर के साथ संसदीय क्षेत्र के पुलिस ऑब्जर्वर विशाल कुमार आईपीएस व व्यय ऑब्जर्वर विजय सिंह आईआरएस ने भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नरवाना विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अनिल दून, डीएसपी अमित, लायजन ऑफिसर सौरभ गर्ग, तहसीलदार निखिल सिंगला, इलेक्शन कानूनगो सुनील कुमार व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। जनरल ऑब्जर्वर तिवारी ने सर्वप्रथम कैनाल रोड स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में बनाए गए युवा बूथ नंबर 134 तथा मॉडल बूथ नंबर 136 का मुआयना किया साथ ही मतदान केंद्र नंबर 135 व 137 में भी प्रबंधों का जायजा लिया। इसके बाद तिवारी ने गैबी साहिब स्थित राजकीय कवमामवि में बनाए गए सखी मतदान केंद्र 127, शारीरिक विकलांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र नंबर 128, पिंक बूथ नंबर 129 और साथ ही 130 का भी निरीक्षण किया।



नरवाना। मतदान केंद्रों को निरिक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### जून के प्रथम सप्ताह में होगी योगा प्रतियोगिता

जींद। जिलास्तरीय योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन डा. धर्मदेव विद्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें बताया कि चौथी जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की योग प्रतियोगिता का आयोजन चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में जून के प्रथम सप्ताह में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य के प्रयासों से योगासन को अब ओलंपिक में सम्मिलित कर लिया गया है। जिसमें बच्चों का भविष्य और भी उज्ज्वल बनाएंगे और पदक प्राप्त करके देश का नाम रोशन करेंगे। डा. विद्यार्थी ने बताया कि वर्तमान समय में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं हरियाणा सरकार में यही संगठन है जो पूर्णतया मान्यता प्राप्त है। जिला स्तर पर इसमें स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे हरियाणा योगासन भारत में भाग लेकर खेलो इंडिया व ओलंपिक तक अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, जन्म प्रमाण, पत्र, रिस्क सर्टिफिकेट, मेडिकल सर्टिफिकेट, दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आएंगे।

# दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर की बैठक

- दीक्षांत समारोह में 740 को डिग्री 21 को मिलेगा गोल्ड मेडल : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में 27 मई को चतुर्थ दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में 2021 से 2023 सत्र के 740 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएंगी। कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विश्वविद्यालय कर्मचारियों के साथ बैठक की और दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि विश्विद्यालय में 27 मई को दीक्षांत समारोह होने जा रहा है। जिसके मुख्यातिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डॉ सूर्यकांत शिरकत करेंगे व दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के राज्यपाल एवं सीआरएसयू के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन महर्षि पतंजलि योग भवन में किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में लगभग 740 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी और सात शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से नवाजा जाएगा। 740 विधार्थियों में से लगभग 500 से 'यादा की संख्या महिला विद्यार्थियों की है। पीएचडी की उपाधि में भी चार लड़कियां और तीन लड़के हैं। इस समारोह में कुल 21 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। जिसमें 18 महिला विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा की यह हमारे लिए गर्व की बात है की आज हरियाणा की बेटियां शिक्षा के साथ साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते वीसी डा. रणपाल। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। बातचीत करते हुए सयुंक्त किसान मोर्चा की टीम। फोटो :हरिभूमि

### सयुंक्त किसान मोर्चे ने गांवों का किया दौरा

नरवाना। संयुक्त किसान मोर्चे की टीम ने भाजपा हराओं देश बचाओ अभियान गांव जुलेहडा, सुलेहडा, राजगढ ढोबी, खरडवाल, लोचब आदि गांवों में चलाया। इस दौरान पर्चे बांटते गांव में मीटिग करते बात लोगों से सांझा की और कहा कि सरकार ने सरकारी हॉस्पिटलों के स्थान पर आयुष्मान योजना लागू करते हुऐ प्राइवेट अस्पतालों को खुली लूट को छूट दे दी, सरकारी विभागों में लाखों खाली पदों को भरने की बजाए कौशल रोजगार निगम के नाम पर आपके एमए, बीएससी व पीएचडी बच्चों को कच्चे रोजगार के गर्त में धकेल दिया गया, मनरेगा का बजट पिछले 73000 करोड़ से घटा कर इस वर्ष 60000 करोड़ कर दिया गया, जिस के कारण हरियाणा में 100 दिन काम के स्थान पर ओस्तान 29 दिन ही काम मिल पाया जिस के कारण गरीब परिवार को रोटी के लाले पड़ गए, श्रीमिकों के 44 श्रम कानूनों को 4 कोडो में बदल दिया गया जिसमें सामाजिक सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है। सब से आश्चर्य की बात तो यह है कि सरकार की अलोचना करने वाले मीडिया और स्वतन्त्र पत्रकारों, राजनीतिकों विरोधियों का उत्पीड़न कर जेल में डाला। मास्टर चांद दनोदा, दलबीर सिंह सच्चा खेड़ा, शिशपाल गलाडी, सुभाष व अलबेल फरैन खुर्द मनीराम डाबी टेक सिंह, डिम्पल राज्य कोषाध्यक्ष किसान सभा, कमलेश सच्चा खेड़ा मौजूद रहे।

# बच्चों ने मां, दादी, नानी को लिखे पत्र

- निपुण हरियाणा मिशन के तहत मनाया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बच्चों में भाषा विकास को बढावा मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग ने बच्चों को अपनी मां, दादी, नानी को पत्र लिखने के लिए प्रेरित किया। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगूरां में जिला संगठन आयुक्त ऊषा गुप्ता के नेतृत्व में निपुण हरियाणा मिशन के तहत मनाया मातृ दिवस पर पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने अपने मन के भाव पत्र में व्यक्त किए। जिला संगठन आयुक्त ऊषा गुप्ता ने बताया कि बच्चों ने अपने माता-पिता का प्यार व दुलार, उनके पालन पोषण में किए गए अथक प्रयास, पढाई, लिखाई, अच्छी आदतें, संस्कार प्रदान करने में उनके योगदान का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन और भ्रमण के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। बच्चों ने अपने मन के भाव 60 शब्दों से 130 शब्दों के मध्य लिखे। बच्चों द्वारा लिखे गए पत्रों में अशुद्धियों को जांचा गया तथा इस बारे बच्चों को अवगत भी करवाया गया। अशुद्धियों की जांच के बाद बच्चों से दोबारा पत्र लिखवाया गया और उनको बंद लिफाफे में मातृ दिवस को अपनी मां, दादी, नानी को पत्र देने के लिए कहा गया। मातृदिवस पर पत्र पढ़ कर मां, दादी, नानी अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करेंगी।



जींद। बच्चों द्वारा लिखे गए पत्र। फोटो :हरिभूमि




उचाना। प्लस प्वाइंट स्कूल खापड़ में आयोजित कार्यक्रम। फोटो :हरिभूमि

### नशा उन्मूलन एवं साइबर क्राइम पर जागरूकता शिविर

उचाना। हरियाणा के अग्रणी शिक्षण संस्थान प्लस पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़ में हरियाणा के डीजीपी शत्रुजीत सिंह कपूर द्वारा चलाए जा रहे। नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत उपायुक्त जींद के तत्वावधान में नशा उन्मूलन कैंप लगाया गया। इंस्पेक्टर नीलम के नेतृत्व में एसआई नरेश कुमार, एएसआई अमित, प्रशासनिक सहयोगी संदीप शर्मा, साहिल ने भाग लिया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति हेतु किए जाने वाले प्रयत्न , यातायात के नियमों , साइबर अपराध के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सन्दीप शर्मा एवं साहिल ने नशा उन्मूलन के गीतों द्वारा बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया । सभी बच्चों, अध्यापकों ने जीवन मे कभी भी नशा न करने की शपथ ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक निदेशक आरएम सांगवान ने की। सांगवान ने छात्रों को हर प्रकार के नशे से दूर रहने एवं यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

## अहेरी समाज के लोगों ने अनुसूचित जाति का दर्जा मिलने पर जताई खुशी

# सिंगवाल में आठवां अहेरी आरक्षण दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सिंगवाल में अहेरी समाज के लोगों ने अनुसूचित जाति का दर्जा मिलने के बाद आठवां अहेरी आरक्षण दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में अहेरी समाज के मसीहा हरिओम नायक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हरिओम नायक सिंगवालिया का कार्यक्रम में पहुंचने पर अहेरी समाज के लोगों द्वारा फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता दर्शना देवी महासचिव कांग्रेस कमेटी हरियाणा प्रदेश डीएनटी व प्रदीप सरपंच सिंगवाल ने की। मुख्य वक्ता राजपाल पूर्व विधायक में अपने सम्बोधन में कहा कि अहेरी समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलवाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा था। अशोक बरतीया अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हरियाणा प्रदेश डीएनटी व डा. धन कुमार कार्यकारी प्रधान कांग्रेस कमेटी हरियाणा प्रदेश डीएनटी ने कहा कि घुमन्तु जातियों के उत्थान के लिए कदम उठाये जाएगे।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### लगातार 30 वर्षों तक संघर्ष किया

हरिओम नायक ने अहेरी समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को एससी का दर्जा दिलवाने के लिए लगातार 30 वषार्ें तक संघर्ष किया तब जाकर अजा की सूची में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि अहेरी समाज के लोग जयमल फत्ता राजपूत राजाओं की सामांती सेनाओं में सैनिक के रूप में कार्य करते थे। अहेरी समाज के लोगों को राजपूताना के जोधपुर और बीकानेर से निकाला गया था और ये लोग काम की तलाश में पंजाब दक्षिण-पूर्व में आकर बस गये थे ये तडीपार हैं और इसके अलावा यह जाति घुमन्तु किस्म की रही है। जब ये लोग गांव में आकर बसने लगे तो इनको गांवों में ग्रामीण चौकीदारी का काम मिला। अंग्रेज सरकार ने इस जाति पर जुरायन पेशा / क्रिमीनल एक्ट लागू कर दिया था। इस समाज के लोगों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति बद से बदतर थी। तत्कालीन केन्द्रीय श्रम मन्त्री डॉ0 साहिब सिंह से तत्कालीन उप प्रधानमन्त्री, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं प्रधानमन्त्री को अर्ध सरकारी पत्र अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करवाने के लिए लिखवाये थे। तत्कालीन लोक सभा सांसद नवीन जिन्दल से दिनांक 23.12.2004 को लोक सभा में अतारांक्ति प्रश्न न. 3800 के तहत अनुसूचित जाति की सूची शामिल करवाने के लिए आवाज उठवाई थी। सांसद नवीन जिन्दल से केन्द्र सरकार और रा'य अहेरी समाज को एससी में शामिल करने बारे पत्राचार करवाया था।




उचाना। कार्यक्रम में पहुंचे विनोद वशिष्ट को सम्मानित करते हुए।

# कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

रेलवे रोड स्थित सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. उमेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था निदेशक विनोद वशिष्ट उपस्थिति रहे। वशिष्ट ने मछात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में बेटी निरंतर आगे बढ़ रही है। बेटियां किसी क्षेत्र में आज कम नहीं है।

## मदर्स डे: बीआरडीएमपब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया

# माताओं को किया नमन

- माताओं ने लिया कार्यक्रम में भरपूर आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जींद रोड़ स्थित बी.आर.डी.एम. पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल गवर्निंग बॉडी की महासचिव मानसी जैन ने की। विद्यालय में विद्यार्थियों की माताओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम हॉल को बड़े ही भव्य तरीके से सजाया गया । अध्यापिका रितु चौधरी व इति जैन ने कार्यक्रम को आयोजित करने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई व मंच संचालन बहुत ही कुशल तरीके से किया। मानसी जैन ने माताओं का स्वागत किया और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि मां की ममता और स्नेह और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को बनाने में अहम भूमिका निभाता है माताएं सारा दिन घर में व्यस्त रहती हैं और चिंताओं से घिरी रहती हैं। वे अपनी व्यस्त जीवन से बाहर नहीं आ पाती,उन्हें उनकी व्यस्त जिन्दगी से राहत के कुछ पल देने के लिए और उन्हें कुछ स्पेशल महसूस करवाने के लिए विद्यालय में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। कम्युनिकेशन गेम ,कप बिल्डिंग गेम विथ दि हेल्प ऑफ बैलून, तम्बोला ,पास दी मैसेज विद एक्टिंग और कप बिल्डिंग गेम, वन मिनट गेम्स खेलने का भी प्रबंध किया गया। सभी माताओं ने गेम्स में सक्रिय भाग लिया व विभिन्न इनाम अपने नाम किये। प्राइमरी कक्षा के बच्चो ने ह्यमाँ ओह मेरी माँ ,तुझे में रब्ब दीखता है' ,गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देखकर सभी उपस्थित माताएं भाव-विभोर हो उठी । इस अवसर पर कुछ माताओं ने अपनी जिन्दगी के अनुभव बांटे। किसी ने मां की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई मां की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर चीज बताया।

साथ ही माताओं ने स्वयं द्वारा तैयार की गयी गायन,नृत्य आदि परफॉरमेंस भी दी जिसके लिए उन्हें विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल की अध्यापिकाओ द्वारा माताओ के लिए विशेष सेल्फी जोन भी बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. वरुण जैन ने सभी माताओ को मदर्स डे की शुभकामनाये दीं तथा कार्यकर्म में आने पर सभी का धन्यवाद किया।



कैथल। बीआरडीएम स्कूल में मदर डे मनाती स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### मातृ शक्ति को किया सलाम

राजौंद। नगर के पूंडरी मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व नाथ स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बालवाटिका के विद्यार्थियों में फैंसी ड्रेस व सीनियर विद्यार्थियों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक रमेश राणा व प्रधानाचार्या सुजाता सिहाग ने बताया कि एक मां को सम्मान और आदर देने के लिये हर वर्ष एक वार्षिक कार्यक्त्रम के रुप में मातृदिवस को मनाया जाता है। बच्चों से मां के रिश्तों में प्रगाढ़ता बढ़ाने के साथ ही मातृत्व को सलाम करने के लिये इसे मनाया जाता है। समाज में मां का प्रभाव बढ़ाने के लिये इसे मनाया जाता है। पूरे विश्व के विभिन्न देशों में अलग.अलग तारीखों पर हर वर्ष मातृ दिवस को मनाया जाता है। इस दौरान फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नायरा, सीखा राणा व मीठू ने प्रथम सथान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अनु, अराधना, शुभम व दसवीं ने अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधक ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान अनिल, साक्षी, सोनिका राविश, नीशु राणा, प्रियंका, संधु, आशू राणा, रविंद्र कौर व सुनील शर्मा ने भी अपने विचार रखे।




# प्रदेश से बदमाशों का होगा सफाया : हुड्डा

- पूर्व मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा से एक बार फिर अपराध का पूरी तरह सफाया किया जाएगा। बदमाश और गैंगस्टर को हरियाणा में नहीं रहने दिया जाएगा। हुड्डा शुक्रवार शाम को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे थे। सोनीपत से प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी भी मौजूद रहे। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस की तरफ से ब्रह्मचारी के रूप में ईमानदार व कर्मठ उम्मीदवार को मैदान में उतर गया है। इनको मिलने वाला हर वोट सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के विकास की नींव का काम करेगा। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा से अपराध, बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, भर्ती माफिया, अवैध नशे और वंचित वर्गों पर होने वाले अत्याचार का खात्मा करना कांग्रेस का मकसद है। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि जनता के सामने बीजेपी की सच्चाई उजागर हो चुकी है। उसका मकसद सिर्फ युवाओं को बेरोजगार, बुजुर्गों को बेसहारा, बच्चों को अशिक्षित, व्यापारियों को असुरक्षित और कर्मियों को पेंशन मुक्त करना है लेकिन कांग्रेस हर वर्ग की भागीदारी उसके अधिकारों व न्याय की बात करती है।



जींद। मंच पर मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। फोटो : हरिभूमि

## जनवादी महिला समिति झूठ और नफरत की राजनीति को हराने के लिए चलाएगी अभियान

कैथल। जनवादी महिला समिति झूठ और नफरत की राजनीति को हराने के लिए अभियान चलाएगी। उक्त निर्णय जनवादी महिला समिति की स्थानीय भगत सिंह भवन में आयोजित जिला कमेटी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनीता ने की। बैठक में जनवादी महिला समिति की राज्य अध्यक्ष सविता ने सम्बोधित करते हुए कि लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया चली हुई है। हरियाणा में 25 मई को मतदान होना है। महिलाओं को मतदान का अधिकार बहुत संघर्षों से हासिल हुआ है।

### कल वॉकथॉन का होगा आयोजनः सी.जया श्रद्धा

कैथल। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से स्वीप अभियान के तहत रविवार, 12 मई को सुबह 6 बजे मतदाता जागरूकता अभियान वॉक थॉन का आयोजन किया जाएगा। यह वॉक थॉन पेहवा चौक स्थित जवाहर पार्क से शुरू होकर लघु सचिवालय पहुंचेगी। इस वॉक थॉन का मुख्य उद्देश्य लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाना एवं लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करना है। अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप अभियान की नोडल अधिकारी सी.जया श्रद्धा ने बताया कि लोकतांत्रिक देश में एक आम आदमी की सबसे बड़ी ताकत होती है उसका मताधिकार।

### चिकित्सा के लिए औषधि वितरण कार्यक्रम आयोजित

पूंडरी। भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी की तरफ से चिरंजीवी भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में शिव गौ हॉस्पिटल पाई मार्ग पर गौ चिकित्सा के लिए औषधि वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मुनीष मितल हाबड़ी वाले रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम से की गई। अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने कहा कि हर इंसान को अपने जीवन में गौ सेवा हमेशा करनी चाहिए। गौ में ही सभी देवी देवताओं का निवास है। कार्यक्रम में शिव गौ रक्षक अध्यक्ष अमित सैनी, सतीश सैनी, मोनू गोस्वामी, काला गोस्वामी, प्रक्षित विशेष योगदान रहे। कार्यक्रम में परिषद संरक्षक विनोद बंसल, कोषाध्यक्ष राजेश, महिला संयोजिका निधि मोहन मौजूद रहे।

### चार दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग की शुरुआत

राजौंद। खंड संसाधन संयोजक कार्यालय में शिक्षकों की चार दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप ने की। उन्होंने बताया कि मौलिक शिक्षा विभाग व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के दिशानिर्देश और मार्गदर्शन अनुसार खंड राजौंद में फाउंडेशन लिट्रेसी एवं न्यूम्रेसी कार्यक्त्रम के अंतर्गत चार दिवसीय टीचर्स ट्रेनिंग की विधिवत शुरुआत हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस ट्रेनिंग के कुल छह बैच बनाए गए है। जिसमें खंड के कुल 227 टीचर्स और मुख्य शिक्षक भाग लेंगे। शुक्रवार को 40-40 प्रतिभागियों के तीन बैच की ट्रेनिंग शुरू की गई। इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य सभी शिक्षकों को मौजूदा समय अनुसार प्रयोग में आने वाली नई नई विधाओं, नई नई शिक्षण पद्धति, नए इनोवेटिव विचारों, नए नए गुर सिखाना है।

# कर्मियों की अनदेखी का खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहे सरकारः रामपाल शर्मा

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कैथल

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला स्तरीय कन्वेंशन जवाहर पार्क स्थित संगठन के कार्यालय में की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कार्यकताअरं को प्रशिक्षित करने और विपक्षी पार्टियों के लोकसभा उम्मीदवारों को कर्मचारियों के मांग मुद्दों का ज्ञापन सौंपते हुए उनका रुख रवैया जानने की तैयारी को लेकर कन्वेंशन आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि निजीकरण पर रोक लगाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, वेतन विसंतियां दूर करने, बिना किसी शर्त एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू करने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करके खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने आदि कर्मचारियों की मुख्य मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है और यदि अतिशीघ्र इन सभी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपप्रधान ओमपाल भाल, छज्जू राम, सावित्री विजय देवी,शर्मा, राजकुमार नापा,जयप्रकाश शास्त्री, पवन शर्मा, संदीप सैनी,कपिल सिरोही, सतीश कुमार,स्वराज सिंह, गौरव टांक, विक्की टांक,मास्टर शीशपाल, कृष्ण आर्य, रामफल दयोहरा,कृष्ण चंदाना,अमरदीप बनवाला, गुरमीत सिंह,नरेश कुमार, ईश्वर रमाना, पृथ्वी सिंह,सुरेश, जगबीर मान,मिया सिंह, धर्म सिंह, नायब सिंह व रामदास विशेष रूप से मौजूद रहे।



कैथल। कर्मचारियों को संबोधित करते रामपाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# जल की एक एक बूंद अनमोल ,आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना होगा जरूरी : डॉ मनोज गांधी

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका

- जो क्षेत्र जल से वंचित हैं वहां ना तो पेड़ पौधे उगते हैं और ना ही फसलें पैदा की जा सकी

भारत विकास परिषद शाखा चीका के सदस्यों ने जल बचाओ अभियान के दूसरे दिन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में छात्राओं को जल बचाने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में पहुंचे शाखा अध्यक्ष डॉ विनोद गुप्ता, प्रेम सिंह पूनिया, डा मनोज गांधी, डॉ दिनेश कौशिक, महिला संयोजिका डॉ सरिता भाठला, नानक भारद्वाज व हरनिस सिंगला का स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा स्वागत किया गया। भारत विकास परिषद द्वारा शुरू किए गए जल बचाओ अभियान के संयोजक डा मनोज गांधी ने कहा कि जल की एक एक बूंद अनमोल है। आने वाले कल के लिए हमें जल को हर हाल में बचाना होगा। उन्होंने छात्राओं को आह्वान किया कि वे स्वयं तो जल बचाएं साथ ही यदि उन्हें कहीं पर पानी व्यर्थ में बहता दिखे तो वहां नल को तुरंत बंद करे दें। शाखा के वरिष्ठ सदस्य व रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी प्रेम पुनिया ने कहा कि जल के बीना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जो क्षेत्र जल से वंचित हैं वहां ना तो पेड़ पौधे उगते हैं और ना ही फसलें पैदा की जा सकी। ऐसे क्षेत्रों में मानव जीवन भी बहुत कठिन होता है। प्रेम पूनिया ने छात्राओं को जल बचाने की शपथ भी दिलायी। शाखा अध्यक्ष डा विनोद गुप्ता ने कहा कि यदि आज हमने पानी की बबार्दी को नहीं रोका तो आने वाली पीढ़ी के लिए जल संकट पैदा हो जाएगा और इसके लिए सीधे तौर पर हम सब जिम्मेवार होंगे। स्कूल प्राध्यापकों ने छात्रों को इस जल बचाओ मुहिम में अपना सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : Naveen Jindal, H No. 1, Jindal House, Mohan Nagar, Kurukshetra

Name of political party : Bharatiya Janata Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : House of People

*Name of Constituency : 02-Kurukshetra

I Naveen Jindal (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 248/2019 (Erstwhile CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006)<br>FIR dated 10.06.2013 | The matter is listed for further prosecution evidence on 13-17th May 2024 | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal block to the Company, CBI had filed a charge sheet bearing CC No. 44/2016 Old No. CC No. 03/2015 in RC No. 219 2013 E 0006. The Special Judge passed orders on charge on 29.04.2016 &13.07.2018 and vide order dated 16.08.2018 has framed charges u/s 420 IPC, & 120-B/420 IPC and u/s 7, 12 and 13 (1)(d) P.C. Act against all accused persons. |
| 2. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CR Case No. 1/2019<br>(Erstwhile CRC No. 8/2018 in ECIR No. 12/ DLZO/2014) ECIR dated 11.04.2014 | The matter is now listed on 06.07.2024 for submission on the supplementary complaint in the present case. | In relation to the allocation of Amarkonda Murgadangal Coal to the company, the ED had filed a complaint bearing CRC No. 08/18. |
| 3. | Sh. Arun Bhardwaj, Special Judge (PC Act) (CBI) (Coal Block cases)-01, RACC | CC No. 314/2019 (Old CC No. 13/2017) In RC No. 2019 2015 E-0004<br>FIR dated 22.04.2015 | Further proceedings pending before the Special Judge, (PC Act) (CBI), Rouse Avenue Court Complex, New Delhi Court has been stayed by the Hon'ble Supreme Court vide order dated 23.08.2022. In view of the aforesaid order, the matter is listed on 04.06.2024 awaiting further directions from the Hon'ble Supreme Court. | In relation to the allocation of the Urtan North coal block to the company, CBI had filed a charge sheet bearing number CC No. 13/2017 in RC No. 2019 2015 E-0004. The Special Judge vide its order dated 25.07.2019 has framed charges u/s 420 IPC & 120-B/420 IPC against all accused persons. Thereafter, CBI filed an application for further investigation and the Ld. Special Judge vide its order dated 23.12.2019 has permitted CBI to carry out further investigation. |
| 4. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/15/ DLZO/2015/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2015 | Notice in relation to investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 by Directorate of Enforcement in respect to Urtan North Coal block. |
| 5. | CBI | RC No. 221 2014 E 0018<br>FIR dated 18.10.2014 | Pending investigation since 2014 | The present FIR has been registered by the CBI/EO-III, against (i) M/s Jindal Strips Limited (presently Jindal Steel and Power Ltd.). and other unknown Public servants under sections 120-B r/w 409 & 420 IPC and 13(1)(c), r/w 13(1)(d) of Prevention of Corruption Act, 1988 in connection with the allotment of Gare Palma IV/1 Coal block in Chhattisgarh to M/s Jindal Steel and Power Ltd. |
| 6. | Enforcement Directorate | F. No. ECIR/24/ DLZO/2014/AD / VM | Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement and the matter is pending investigation since 2014 | Notice have been received from the Directorate of Enforcement with regard to an investigation being made under the provisions of the Prevention of Money Laundering Act, 2002 in respect to Gare Palma IV/1 Coal block. Relevant documents have been submitted to the office of Directorate of Enforcement. |
| 7. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1601/2022<br>Complaint dated 17.1.2022 | As per the order dated 22.3.2022 in the Writ Petition (C) 4604/2022 the Hon'ble High Court of Delhi has ordered that no proceedings before Adjudicating Authority till the next order. | Pursuant to Provisional Order No. 10/22 in ECIR No. 24/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 58,00,75,194.00 |
| 8. | Adjudicating Authority (PMLA) Room No. 26, 4th Floor, Jeevan Deep Building, Parliament Street, New Delhi | Original Complaint No. 1514/2021<br>Complaint dated 26.8.2021 | The Court vide order dated 04.10.2021 directed that proceedings before the Adjudicating Authority goes on but no final order to be passed. The matter is now listed on 03.09.2024 for further proceedings | Pursuant to Provisional Order No. 04/2021 in ECIR No. 12/DLZO/2014, the Enforcement Directorate filed the present complaint U/s 5(5) of PMLA, 2002 seeking confirmation of Provisional Attachment Order of Rs. 59,34,21,420.00 |
| 9. | Smt Arjinder Kaur, Tis Hazari Court, New Delhi MM-6 (C)/THC/Delhi | Ct. Case No. 14584/2018<br>Complaint dated 24.7.2018 | The Hon'ble Delhi High Court in Cr. M.C. No. 5192/2022, vide order dated 12.10.2022 has stayed further proceedings before the Ld. MM in the Ct. Case No. 14584/2018 till further orders. | A private criminal has been filed and the summons have been issued for offences U/s 323/506/120-B of IPC against the accused. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NIL | NIL | NIL |
| 2 | NIL | NIL | NIL |
| 3 | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा की रैली में बुलेट पटाखों से गूंजा शहर

**नरवाना।** भाजपा युवा मोर्चा के बैनर तले नरवाना में बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली की शुरुआत शहर के हुड्डा मार्केट से की गई थी। लेकिन खास बात यह रही कि भाजपा नेताओं द्वारा युवा मोर्चा की रैली में हजारों की संख्या में युवा भाजपा कार्यकर्ता के आने के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन भाजपा नेताओं के मनसुंबो पर पानी फेरते हुए युवा मोर्चा की बाइक रैली में बाइक रैली में लगभग 70 से 75 बाइकों चालकों ने ही अपनी रुची दिखाई। इतना ही नही लगभग 75 बाईकों का काफिला हुड्डा मार्केट से शहर में रैली के लिए रवाना हुआ था और बीच रास्ते 25 से 30 बाइको में सिमट कर रह गया।

### मारपीट व धमकी के दो मामलों में केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के दो मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले मामले में सीवन निवासी नंदू ने पुलिस को शिकायत दी कि आठ मई को रात करीब 10 बजे आरोपी संगीत, चिंगारी व तीन-चार अन्य आरोपियों ने उसके भाई गोबिंद पर कैंची, चाकू, डंडे व लाठियों से हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गया। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी रामफल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 14वां भव्य श्री खाटू श्याम जागरण 17 मई को

**गुहला-चीका।** श्री खाटू श्याम परिवार द्वारा 14 वें विशाल श्री खाटू श्याम जागरण का आयोजन 17 मई को आयोजित किया जा रहा है। खाटू श्याम पार्क चीका में आयोजित किए जाने वाले इस जागरण के लिए 16 मई को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए खाटू श्याम परिवार के अध्यक्ष रविंद्र बंसल ने बताया कि जागरण के उपलक्ष्य में निकाली जा रही निशान यात्रा में प्रमुख समाज सेवी राजेश शर्मा पिंटू मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने बताया कि श्याम जागरण में सीए शुभम मंगला ज्योति प्रज्वलित करेंगे व डॉ विरेंद्र बंसल तिलक व ध्वजारोहण की रस्म निभाएंगे।

### विजय संकल्प रैली के दौरान कराई ज्वायनिंग

**जुलाना।** डिप्टी एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर के पद से वीआरएस लेने के दो दिन बाद ही शुक्रवार को डॉ सुरेंद्र सिंह लाठर भाजपाई हो गए। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के गन्नौर की अनाज मंडी में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डा. लाठर को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान डा. लाठर के हजारों कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि डा. लाठर सरकारी अफसरी छोड़ने की हिम्मत हर किसी में नहीं होती लेकिन जब इरादे बुलंद हों और कुछ करने की ठान ली हो तो ही इंसान ऐसा कदम उठाता है।

### शराब पीकर हुडदंग मचाने पर पांच धरे

**नरवाना।** सरेआम शराब पीकर आम जनता को परेशान करने व हुड़दंग मचाने के आरोप में पुलिस ने पांच के खिलाफ़ की कार्यवाही पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोनू, राममेहर, रविंदर, वासी थुआ व आशीष, खुशीराम उर्फ मोनू वासी किठाना के रूप मे हुई है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू होने के बाद पुलिस ने सरेआम शराब पीकर हुड़दगबाजी करने वालों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करते हुऐ पांच लोगों को हिरासत में लिया है उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना सदर नरवाना की एक टीम गांव डूमरखा के पास मौजूद थी कि उन्हे गुप्त सूचना प्राप्त हुई की चार पांच नौजवान लडके नरवाना से जीन्द रोड पर गांव डुमरखां कलां मे बने नहर पुल के पास घाट पर सरे आम शराब पी रहे हैं और अपने मोटरसाईकिल बुलेट के पटाखे बजा रहे हैं आने-जाने यात्रीयो को परेशान कर रहे हैं।

## जिलेभर में श्रद्धाभाव से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

# भगवान परशुराम पराक्रम के कारक सत्य के धारक और न्याय की प्रतिमूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/सफीदों

भगवान परशुराम की जयंती जिलाभर में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के अवसर पर जगह-जगह यज्ञ हुए व भंडारों का आयोजन किया गया। श्री ब्राह्मण समाज सफीदों के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के ऐतिहासिक नागक्षेत्र मंदिर हाल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन को लेकर शुक्रवार सुबह वैदिक मंत्रोचारण के बीच 11 कुण्डीय यज्ञ किया गया। इस यज्ञ में लोगों आहुति डालकर समाज की सुख शांति की कामना की। इस मौके पर जुटे ब्राह्मण समाज के साथ-साथ जुटे 36 बिरादरी के गण्यमान्य लोगों ने भगवान परशुराम प्रतीमा पर माल्यार्पण किया। इस कार्यक्रम में 36 बिरादरी के मौजिज लोगों व विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हाल ही में पदम श्री से अलंकृत हुए लोक गायक महावीर गुड्डू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस समारोह में पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य, पूर्व विधायक जसबीर देशवाल, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, सोनीपत लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी के भाई माई राम बडौली, सोनीपत लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी के भाई डा. सुशील शर्मा, पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय बिट्टा व शिक्षाविद् नरेश सिंह बराड़ ने विशेष रूप से शिकरत करके भगवान परशुराम को नमन किया।

वहीं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजपुरोहित पुरुषोत्तम कौशिक व श्याम स्वामी की संयुक्त अगुवाई में विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। उसके उपरांत नगर के विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नागक्षेत्र सरोवर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख बाजारों व मौहल्लों से होकर निकली। रास्ते भर 36 बिरादरी के लोगों ने पुष्पवर्षा करके जोरदार अभिनंदन किया तथा अनेक स्थानों पर जलपान का प्रबंध किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम इस कलियुग के जीवित देवताओं में से एक माने जाते हैं। अजर, अमर व अविनाशी चिरंजीवी भगवान परशुराम आज भी इस धरा पर विद्यमान है। भगवान परशुराम पराक्रम के कारक, सत्य के धारक और न्याय की प्रतिमूर्ति हैं। भगवान परशुराम ने अपने पराक्रम से हमेशा सर्व समाज के हित के कार्य किए।

### जगह-जगह यज्ञ व भंडारों का आयोजन



जींद। यात्रा में शामिल समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि



गांव किच्छाना में परशुराम जयंती के दौरान मौजूद लोग। फोटो : हरिभूमि

## परशुराम जयंती पर किया हवन

**राजौंद।** गांव किच्छाना के तारागढ़ मार्ग पर स्थित ब्राह्मण चौपाल में परशुराम जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान सुबह के समय हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा दोपहर के समय भोज का प्रबंध किया गया। परशुराम जयंती के अवसर पर ठंडी राम शर्मा पुत्र अमरनाथ शर्मा ने 31000 रूपये का दान दिया तथा साथ ही एक हुक्का भी दान किया जिसकी कीमत 51000 है जिससे समाज में भाईचारा कायम रहे तथा साथ ही भगवन विष्णु के छठे अवतार के जीवन के बारे मे बताया जिससे लोगों का जीवन उ'जवल हो सके। उन्होंने कहा कि जब हम मिलकर किसी कार्य को करने का संकल्प लेते हैं तो वह काम पूरे समाज के सामने प्रकाश पुंज की भांति चमकता है और सर्वजन की भलाई सुनिश्चित करता है। इसलिए हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि समाज में निर्बल को कोई परेशान न करे और हर जरूरतमंद का उत्थान सुनिश्चित हो। इस मौके पर मा. 'योतिराम, राजपाल शर्मा ठंडीराम शर्मा ओम प्रकाश शर्मा व समस्त कौशिक भिंडरवाल परिवार मौजूद रहा।



पूंडरी। विधायक रणधीर गोलन भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित करते हुए सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## विष्णु के छठे अवतार थे परशुराम : गोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठें अवतार के रूप में इस पृथ्वी पर आए ओर पृथ्वी पर धर्म की स्थापना की। उक्त शब्द हल्का विधायक रणधीर गोलन ने आज भगवान परशुराम सदन पूंडरी में आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहे। ब्राहाम्ण समाज कल्याण समिति पूंडरी द्वारा हर साल की तरह इस साल भी धूमधाम से अपने ईष्ट देव भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सुबह सबसे पहले भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित कर अस्त्रों शस्त्रों के साथ उनकी पूजा की गई। इसके बाद सभी ने मिलकर हवन किया ओर समाज में सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ट नेता पंडित कंवरपाल करोडा ने भी शिरकत की। उन्होंने ने भी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम किसी जाति वर्ण या वर्ग विशेष के आराध्य नहीं बल्कि वे मानव मात्र के आराध्य है। कार्यक्त्रम में आयोजित हवन में यजमान के रूप में अजय पाठक, मास्टर प्रमोद शर्मा, दिलबाग शर्मा, बिशन दत्त शर्मा, राकेश जोशी ने आहुति डाली। कार्यक्त्रम का संचालन जोगिंद्र शर्मा ने किया। समिति उपप्रधान रामेश शर्मा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में क्षेत्र में निकाली गई शोभा यात्रा को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमे अपने देवी देवताओं के दिनों को मिलकर इन दिन को बडी धूमधाम से मनाना चाहिए। समिति सदस्यों ने कार्यक्त्रम में पहुंचे अतिथिगणों को भगवान परशुराम की प्रतिमा देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर प्रधान मा.अशवनी कौशिक, पंडित जीत राम शर्मा, राजेश हरितश, राजीव शर्मा, आदि शामिल रहे।

## उचानाः भगवान परशुराम जयंती पर हुआ हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम की जयंती पर हवन किया। पूर्णा आहुति समाज सेवी वीरेंद्र करसिंधु एवं अर्जुन श्योकंद ने दी। आचार्य सत्यनारायण शांडिल्य ने हवन मंत्रोजाप से सम्पन्न करवाया। शांडिल्य ने कहा कि अक्षय तृतीया या आखा तीज वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। आज के दिन भगवान परशुराम की जयंती भी है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, किंतु वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूतार्े में मानी गई है। अक्षय तृतीया का सर्वसिद्ध मुहूर्त के रूप में भी विशेष महत्व है। बिना कोई पंचांग देखे कोई भी शुभ व मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह-प्रवेश, वस्त्र-आभूषणों की खरीददारी से संबंधित कार्य किए जा सकते हैं।

## अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करना भी धर्म : आचार्य पवन

- माता वैष्णवी धाम में हुआ भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि जप, तप, व्रत, पूजा, पाठ करना ही धर्म नहीं है अपितु अनीति व अन्याय के विरूद्ध संघर्ष करना भी धर्म है। आचार्य पवन शर्मा शक्ति व भक्ति के प्रतीक भगवान परषुराम के जन्मोत्सव पर अक्षय तृतीया के दिन शुक्रवार को माता वैष्णवी धाम में आयोजित सत्संग में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। आचार्य ने कहा कि अधर्म का उन्मूलन व धर्म का संस्थापन एक ही रथ के दो पहिये हैं। दोनों का समन्वय बने रहने से सृष्टि का संतुलन भी ठीक रहता है। इसलिए धर्मरक्षा हेतु इन दोनों की बराबर जरूरत है। आचार्य ने कहा-सामान्यतः भगवान परषुराम के क्रोध की चर्चा बार-बार होती रहती है किंतु उसके कारणों की खोज बहुत कम हुई है। क्रोध वह वर्जित है जो स्वार्थ अथवा अहंकार की तुष्टि के लिए किया जाए। अन्याय के विरूद्ध क्रुद्ध होना तो मानवता का लक्षण है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम की यह स्पष्ट मान्यता थी कि विनम्रता व ज्ञान से सज्जनों को और प्रतिरोध व दंड से दुष्टों को जीता जा सकता है। आचार्य ने कहा कि भगवान परशुराम को केवल ब्राह्मणों का देवता बना कर हम लोगों ने उनके प्रभाव व सम्मान को सीमित कर दिया है। जबकि वे तो भगवान विष्णु के अवतार हैं, उन्हें अमरत्व प्राप्त है। उन्होंने न केवल समाज को एक नई दिशा प्रदान की है अपितु उसे असामाजिक तत्वों से भी मुक्त कराया है।



जींद। भगवान परशुराम की पूजा करते हुए श्रद्धालु।

### भगवान परशुराम नाम से झलकता पराक्रम

**राजौंद।** नगर के दुर्गा मंदिर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती की धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम के नाम से ही पराक्रम झलकता है, क्योंकि परशु शब्द पराक्रम और राम शब्द सत्य सनातन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जन्मे भगवान परशुराम की शस्त्र शक्ति भी अक्षय थी और इस दिन पुण्य दान करने वाले सज्जनों का खजाना कभी खाली नहीं होता। उन्होंने कहा कि माता-पिता के बडे भक्त भगवान परशुराम आज्ञाकारी संतान थे जो अपने गुरुजन के भी प्रिय रहे।

## नरवाना के परशुराम चौक पर मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

शुक्रवार को नरवाना में परशुराम चौंक पर अक्षय तृतीया एवं भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती बडी धूम-धाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरवाना अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान राजेश शर्मा एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में सबसे पहले सनातन धर्म मंदिर में यज्ञ आहूति दी और उसके बाद भगवान परशुराम चौंक पर भगवान परशुराम की पूजा, आरती की व समाज के लिए अच्छे भविष्य की कामना की। उसके बाद सभी आते-जाते राहगिरों को व मौके पर मौजूद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पुजारी बीरभान व अन्य पुजारी, मंडी एसोसिएशन सचिव सुभाष, कोषाध्यक्ष सचिन, पूर्व मंडी प्रधान जिया लाल, अर्जुन शर्मा, आदित्य शमा,र् राममेहर बडनपुर, हिमांशु शर्मा एडवोकेट, ओमप्रकाश शर्मा हाथों, बसाउराम शर्मा भाणा, सुरेन्द्र शर्मा व विवेक शर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



जींद। परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की पूजा, आरती करते हुए।

### परशुराम जयंती पर रक्तदान शिविर लगाया



**जींद/सफीदों।** उपमंडल के गांव सिंघाना में समस्त ब्राह्मण समाज के तत्वावधान व हमारा परिवार सफीदों इकाई के बैनर तले भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भगवान परशुराम की प्रतिमा को फूलमालाओं से सजाया गया। उसके बाद भगवान परशुराम की आरती की गई। इस दौरान सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। इस मौके पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## भगवान परशुराम को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

वार्ड नंबर 6 में भगवान परशुराम भवन में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के उपलक्ष में हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व एम सी रोहित शर्मा, देवी राम, आचार्य शीशपाल, सुभाष शर्मा ने बताया कि सुबह 9 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विधि पूर्वक हवन यज्ञ करवाया गया। जिसमें समाज के गणमान्य लोगों द्वारा आहुति डाली गई। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के पुण्य दिवस पर ही भगवान परशुराम अवतरित हुए इस दिन उनके चरित्र का स्मरण और अनुसरण कर कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। हमें चाहिए कि भगवान परशुराम द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर सभ्य समाज का निर्माण करें। आज भी भगवान परशुराम की शिक्षाएं समाज को रास्ता दिखा रही हैं। उन्होंने हमेशा वैदिक धर्म की पालना के लिए तथा धर्म पताका को उंचा रखने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में हम सभी को उनसे प्रेरणा लेकर अपने समाज के उत्थान और एकजुट होने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान उदयवीर राणा, संग्राम, धर्मपाल, जय भगवान, कुंडा राम, रामफल, अमित, बीरा कुमार, मनोज, भीम सिंह, मा. रामकुमार, बिंदा शर्मा, अजीत आदि मौजूद थे।



राजौंद। समाज के लोग व भंडारे के तहत प्रसाद वितरित करते हुए।

**कार्यक्रम** प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में भगवान परशु राम जन्मोत्सव मनाया गया

# कलायत में 100 वर्ष के बाद शुरू हुई प्रसाद वितरण की परम्परा

- अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री राम जन्म भूमि से प्रसाद लाने का संकल्प किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर में 100 वर्ष से अधिक समय बाद भगवान परशु राम जन्मोत्सव पर श्री रामचंद्र की जन्म भूमि अयोध्या का प्रसाद वितरण करने की परंपरा की शुरूआत हुई। इस बीच स्थानीय स्तर पर ही प्रसाद तैयार करते हुए विभिन्न आयोजन करने की परंपरा रही है। जबकि पूर्व में श्रद्धालुओं का करवां लंबी यात्रा पर अयोध्या से प्रसाद लेने को रवाना होता था। वक्त के साथ-साथ यह रिवायत बदल गई। इस बार अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री राम जन्म भूमि से प्रसाद लाने का संकल्प किया। इसके तहत श्रद्धालुओं का कारवां महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण शांडिल्य की अगुवाई में अयोध्या से लड्डुओं का प्रसाद लेकर कलायत में पहुंचा। तय कार्ययोजना के अनुसार प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर भगवान परशु राम जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें विश्व हिन्दू परिषद जिला महामंत्री निशीकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल, श्री कपिल मुनि ज्योतिष केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य, नगर पार्षद आर.एस धानियां, ग्यारह रुद्री शिव मंदिर पुजारी लोकेश शर्मा, बसंती माता मंदिर पुजारी रणबीर शास्त्री, एडवोकेट संजीव सान्याल, रुप शर्मा, राजीव शर्मा, सुरेश शर्मा, संदीप मोदगिल, अशोक वशिष्ठ, सुनील जागलान, अमरदीप, सुंधाशु, लक्की शर्मा और दूसरे संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों-कार्यकताअरं की मौजूदगी में विभिन्न कार्यक्रम हुए। भगवान परशु राम वंदना और हवन से इसकी शुरूआत हुई। इस दौरान भगवान परशु राम चित्र के समक्ष वंदना के साथ-साथ विश्व कल्याण की कामना करते हुए भारत की गौरव शाली संस्कृति के संरक्षण का संकल्प किया गया।



कलायत के प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में भगवान परशु राम की वंदना करते श्रद्धालु

### परशुराम भी विष्णु का अवतार

*पदाधिकारियों ने कहा कि कलायत में प्राचीन श्री कपिल मुनि सरोवर तट पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान कपिल मुनि ने तप करते हुए अपनी माता देवहुति को सांख्य दर्शन का ज्ञान करवाया था। भगवान परशु राम भी विष्णु का अवतार रहे हैं। इस गौरवशाली इतिहास से युवा पीढ़ी को रूबरू करवाने को अयोध्या नगरी से कलायत नगरी में भगवान परशु राम जन्मोत्सव पर प्रसाद लाने की सदियों पुरानी रिवायत को फिर से शुरू किया गया। भगवान परशु राम जन्मोत्सव उपलक्ष्य में कलायत के प्राचीन श्री ग्यारह रुद्री शिव मंदिर में श्री राम दरबार और धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में स्थित प्राचीन भ्रदकाली शक्ति पीठ की तर्ज पर मां भद्रकाली की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए दरबार तैयार कर दिया गया है। जल्द इसकी रूप रेखा निर्धारित करते हुए प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा।*